FIRST INFORMATION REPORT

(Under Section 154 Cr.P.C.)

(प्रथम सूचना रिपोर्ट)

(धारा 154 दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत)

1. **District (जिला):** ACB DISTRICT **P.S. (थाना):** C.P.S Jaipur **Year (वर्ष):** 2024

2. **FIR No. (प्र.सू.रि.सं):** 0009 **Date and Time of FIR (एफआईआर की तिथि/समय):** 12/01/2024 19:32 बजे

S.No. (क्र.सं.)	Acts (अधिनियम)	Sections (धाराएँ)
1	भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित)	7
2	भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित)	7A
3	भा दं सं 1860	120-B

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1. **Day(दिन):** दरमियानी दिन **Date From (दिनांक से):** 08/01/2024 **Date To (दिनांक तक):** 11/01/2024

Time Period (समय अवधि): पहर **Time From (समय से):** 14:15 बजे **Time To (समय तक):** 14:10 बजे

(b) **Information received at P.S. (थाना जहाँ सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 12/01/2024 **Time (समय):** 18:00 बजे

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ) :** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 002 **Date & Time (दिनांक एवं समय)** 12/01/2024 19:32:29 बजे

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** लिखित

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. (a) **Direction and distance from P.S. (थाने से दिशा और दूरी):** EAST, 55 किमी **Beat No. (बीट सं.) :** NOT APPLICABLE

(b) **Address(पता):** arai road, ajmer

(c **In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर हैं तो)**

Name of P.S (थाना का नाम): **District(State) (जिला (राज्य)):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name(नाम):** hariram

(b) **Father's Name (पिता का नाम):** norat mal

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि/ वर्ष):** 2001 **(d)Nationality(राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No(यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**
Date of Issue (जारी करने की तिथि): **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g) **Id details (Ration Card,Voter ID Card,Passport,UID No.,Driving License,PAN) (पहचान विवरण(राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र,पारपत्र,आधार कार्ड सं,ड्राइविंग लाइसेंस,पैन)):**

S.No.	Id Type	Id Number

(h) **Occupation (व्यवसाय):**

(i) **Address(पता):**

S.No. (क्र. सं.)	Address Type (पता का प्रकार)	Address (पता)
1	वर्तमान पता	joraverpura, arai ajmer, AJMER, RAJASTHAN, INDIA
2	स्थायी पता	joraverpura, arai ajmer, AJMER, RAJASTHAN, INDIA

(j) **Phone number (दूरभाष न.):** **Mobile (मोबाइल न.):** 91-9116998410

7. **Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात/संदिग्ध/अज्ञात अभियुक्त का पुरे विवरण सहित वर्णन):**

Accused More Than(अज्ञात आरोपी एक से अधिक हो तो संख्या):

S.No. (क्र.सं.)	Name (नाम)	Alias (उपनाम)	Relative's Name (रिश्तेदार का नाम)	Address (पता)
1	RAKESH SHARMA		पिता:MADHA RAM	1. DALLUSAR,SARDARSHAR,CHU
2	AJEETPAL SINGH		पिता:SHIVNATH SINGH	1. CHOTA LAMBA,ARAI,AJMER,RAJASTH

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant/informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

9. **Particulars of properties of interest (Attach separate sheet, if necessary) (सम्बन्धित सम्पत्ति का विवरण(यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):**

S.No. (क्र.सं.)	Property Category (सम्पत्ति श्रेणी)	Property Type (सम्पत्ति के प्रकार)	Description (विवरण)	Value(In Rs/-) (मूल्य(रु में))
1	सिक्के और मुद्रा	रुपये		24,000.00

10. **Total value of property stolen(In Rs/-)**
(चोरी हुई संपत्ति का कुल मूल्य(रु में)): 24,000.00

11. **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण न., यदि कोई हो):**

S.No. (क्र.सं.)	UIDB Number (यू.आई.डी.बी. संख्या)

12. **First Information contents (Attach separate sheet, if necessary)**
(प्रथम सूचना तथ्य(यदि आवश्यक हो , तो अलग पृष्ठ नत्थी करे)):

सेवा में श्रीमान् अति0 पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, स्पेशल यूनिट, अजमेर विषय रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथ पकडवाने बाबत् महोदय, निवेदन है कि मै प्रार्थी हरीराम पुत्र श्री नौरतमल जाति जाट उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम जोरावरपुरा, सदर बाजार तहसील अरांई जिला अजमेर का रहने वाला हुं। मेरे बडे दादाजी श्री झीता पुत्र चतरा के नाम से ग्राम जोरावरपुरा पटवार हल्का के खाता सं.69,9,47,172,112,167 तथा ग्राम गोठियाना के पटवार हल्का के खाता सं 13,622 मे कृषि भुमि स्थित है एवं पटवार हल्का झीरोता मे मेरी बुआ श्रीमती कैलाशी देवी व सीता देवी के नाम से कृषि भूमि स्थित है। मेरे बडे दादाजी के पुत्र नही होने से ग्राम जोरावरपुरा के खाता संख्या 47 तथा ग्राम गोठियाना मे स्थित भूमि के खाता संख्या 13,622 की भूमि की रजिस्ट्री तहसील कार्यालय अराई मे डीडराईटर व स्टाम्प विक्रेता श्री अजीत पाल सिंह अम्बिका टाइपिंग अराई से तैयार करवाई जाकर तहसील अराई मे दिनांक 29.12.23 को पेश की गई। मेरी बुआ सीता देवी व कैलाशी देवी के द्वारा ग्राम झीरोता जोरावरपुरा गोठियाना मे स्थित भूमि को मेरे पक्ष मे हकत्याग करके श्री अजीतपाल सिंह से हक त्याग प्रपत्र तैयार करवा करके तहसील अराई मे दिनांक 29.12.23 को पेश किया गया है।रजिस्ट्री व हकत्याग से सम्बंधित चालान राशि, स्टाम्प खर्च एवं डयुटी तथा अजीतपाल सिंह का टाइपिंग का खर्चा भी मेरे द्वारा दिनांक 29.12.23 को अदा कर दिया गया था। मेरे मे किसी प्रकार की राजस्व राशि, स्टाम्प डयुटी राशि बकाया नही है। समस्त राजकीय राशि व मेहनताना भी चुकता कर दिया है। मै व मेरी बुआजी का लडका सांवरलाल तहसील कायार्लय के बाबूजी श्री राकेश जी वैष्णव से कल दिनांक 05.01.2024 को रजिस्ट्री एवं हक त्याग लेने गये थे तो उन्होने रजिस्ट्री मूल अजीतपाल सिंह को देना बताया तथा हकत्याग रजिस्टर्ड नही होना बताया और हकत्याग रजिस्टर्ड करने हेतु मेरे से 25000 हजार रूपये मांगे परन्तु मैने कहा कि मैने तो 1450 रूपये की रसीद कटवाकर रूपये जमा करवा दिये है, तो उन्होने कहा कि 25000 रूपये दिये बगैर आपका काम नही होगा, हक त्याग मेरे पास ही रखा है तथा मूल रजस्ट्री अजीतपाल से ले लेना।मैं व मेरा भाई संावरलाल अजीतपाल की दूकान मे जाकर मिले तो उसने भी राकेश बाबूजी के लिये 25000 रूपये मांगे तथा मेरी दोनो रजिस्ट्री भी हमारे को नही दी। मै अपने जायज काम के बदले मे रिश्वत राशि नही देना चाहता हुं वरन रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथो पकडवाना चाहता हुं। मेरा भाई सांवरलाल मेरे साथ उपस्थित है। कानूनी कार्यवाही करवाये। प्रार्थी एसडी हरिराम पुत्र श्री नौरतमल उम्र 23 वर्ष जाति जाट निवासी जोरावरपुरा तहसील अराई जिला अजमेर मो.न. 9116998410

कार्यवाही पुलिस भ्र0नि0ब्यूरो, स्पेशल यूनिट-अजमेरप्रकरण हाजा के हालात इस प्रकार से निवेदन है कि दिनांक 08.01.2024 को समय करीब 11.08 एएम पर जरिये मोबाईल नम्बर 9672426914 से परिवादी श्री सांवरलाल चैधरी ने मन उप अधीक्षक पुलिस को जरिये दूरभाष सूचना प्रदान की कि मेरे भाई श्री हरीराम ने दिनांक 29.12.2023 को तहसील कार्यालय अराई मे 02 रजिस्ट्री व 01 हकत्यागनामा रजिस्ट्रेशन हेतु डीडराईटर श्री अजीत पाल के मार्फत प्रस्तुत किया था। उक्त दस्तावेज लेने हेतु हम तहसील कार्यालय मे गये तो श्री राकेश शर्मा व हमारा डीड राईटर श्री अजीतपाल सिंह दस्तावेज रजिस्टर्ड कर देने हेतु हमारे से 25000 रूपये की रिश्वत राशि की मांग कर रहा है। हम रिश्वत राशि नही देना चाहते है बल्कि रिश्वत लेते हुए रंगे हाथो पकडवाना चाहते है। इस पर मन उप अधीक्षक पुलिस द्वारा परिवादी श्री सांवरलाल व उसके भाई को ट्रेप कार्यवाही की प्रकिया समझाईश कर दस्तावेजो सहित कार्यालय मे उपस्थित होने हेतु कहा गया। समय 02.15 पीएम पर परिवादी श्री हरीराम पुत्र श्री नौरतमल उम्र 23 साल जाति जाट निवासी ग्राम सदर बाजार जोरावरपुरा तहसील अराई जिला अजमेर व सहपरिवादी श्री सावंरलाल पुत्र श्री श्रवण लाल जाति जाट उम्र 33 साल निवासी ग्राम देवरिया पोस्ट बोराडा तहसील सरवाड जिला अजमेर ने मन् उप अधीक्षक पुलिस के कार्यालय में उपस्थित होकर परिवादी श्री हरीराम ने एक लिखित प्रार्थना पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया कि मैं उपरोक्त पते का मूल निवासी हुं तथा मेरे बडे दादाजी श्री झीता पुत्र श्री चतरा राम के नाम से ग्राम जोरावरपुरा पटवार हल्के मे नये खाता संख्या 69,9,47,172,112,167 तथा पटवार हल्का ग्राम गोठियाना के नये खाता संख्या 133,622 मे उनके नाम से कृषि भूमि हिस्से मे आती है। इसके अतिरिक्त पटवार हल्का झीरोता मे मेरी बुआजी श्रीमती कैलाशी देवी एवं सीता देवी के नाम से पुश्तैनी कृषि भूमि स्थित है। मेरे बडे दादाजी श्री झीता जी के कोई पुत्र नही होने एवं चार पुत्रियां होने से उनके द्वारा ग्राम जोरावरपुरा के नये खाता संख्या 47 तथा ग्राम गोठियाना के नये खाता संख्या 133,622 के हिस्से मे आई कृषि भूमि की

रजिस्ट्री मेरे नाम से तहसील कार्यालय अराई मे जरिये डीड राईटर व स्टाम्प विक्रेता श्री अजीत पाल सिंह फर्म अम्बिका टाईपिंग एण्ड कम्पयूटर्स अराई से रजिस्ट्री अलग अलग तैयार करवाकर दिनांक 29.12.23 को तहसील कार्यालय अराई मे पेश की गई थी। उक्त दोनो रजिस्ट्री के साथ मेरी बुआ श्रीमती सीता देवी व कैलाशी देवी के द्वारा उनके नाम से ग्राम झीरोता, जोरावरपुरा, गोठियाना मे स्थित पुश्तैनी कृषि भूमि को मेरे पक्ष मे हकत्यागनामा श्री अजीत पाल सिंह से टाईप करवाकर दिनांक 29.12.23 को तहसील कार्यालय अरांई मे पेश किया था। उक्त दोनो रजिस्ट्री व हकत्याग मे सम्बन्धित चालान की राशि, स्टाम्प खर्च व स्टाम्प डयुटी तथा हकत्याग की 1450 रूपये की रसीद एवं अजीत पाल सिंह के टाईप का मेहनताना मेरे द्वारा दिनांक 29.12.23 को चुकता कर दिया था। मेरे मैं किसी प्रकार की राजस्व राशि, स्टाम्प डयुटी की राजकीय राशि तथा टाईप के मेहनताने की कोई भी राशि चुकता किया जाना शेष नही है। दिनांक 05.01.2024 को मैं व मेरी बुआजी का लडका श्री सांवर लाल अपने रजिस्टर्ड डाॅक्यूमेन्ट लेने तहसील कार्यालय के बाबू श्री राकेश शर्मा से लेने गये तो उन्होने दोनो मूल रजिस्ट्री बाद रजिस्टर्ड करने के उपरान्त अजीत पाल सिंह को देना बताया तथा हक त्याग रजिस्टर्ड नही करना अवगत कराते हुए हकत्याग रजिस्टर्ड करने के बदले मे मेरे से 25000 रूपये मांगे। मैने उनको कहा कि मैने 1450 रूपये की रसीद कटवाकर रूपये जमा करवा दिये है अब रूपये किस बात के देने है तो उन्होने कहा कि 25000 रूपये दिये बगैर आपका काम नही होगा, हकत्याग मेरे पास ही रखा है, रजिस्ट्री का खर्चा भी बकाया है। मूल रजिस्ट्री अजीत पाल से ले लेना तथा आप अपने डीड राईटर अजीत पाल सिंह से जाकर मिलो तथा रूपये उनको ही दे देना, वह रूपये मेरे पास पहुंचा देगा अन्यथा आपका काम नही होगा। मैने उनको रूपये देने से मना कर दिया मैं व मेरा भाई सांवर लाल तहसील कार्यालय अॅराई से रवाना होकर अजीत पाल सिंह की दूकान पर जाकर मिले तो उसने भी राकेश बाबूजी के लिये 25000 रूपये मांगे तथा मेरी दोनो रजिस्ट्री भी हमारे को नही दी। मैं अपने जायज काम के बदले मे ऐसे भ्रष्ट कर्मचारी को रिश्वत राशि नही देना चाहता हु, वरन रिश्वत लेते हुए रंगे हाथो पकडवाना चाहता हुं। मेरा भाई सांवर लाल मेरे साथ ही उपस्थित है कानूनी कार्यवाही करे। परिवादी द्वारा उपरोक्त प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों के सम्बन्ध में परिवादी श्री हरीराम से पूछताछ की गई तो उसने प्रार्थना पत्र मंे अंकित तथ्यों की ताईद करते हुए बताया कि मेरे बडे दादाजी श्री झीता पुत्र चतरा के नाम से ग्राम जोरावरपुरा व ग्राम गोठियाना मे स्थित कृषि भूमि की रजिस्ट्री मेरे नाम से करवाई थी तथा मेरी बुआ श्रीमती कैलाशी देवी एवं सीता देवी के नाम से पुश्तैनी कृषि भूमि का हकत्याग मेरे पक्ष मे दिनांक 29.12.2023 को करवाकर दोनो रजिस्ट्री व हकत्याग तहसील कार्यालय मे रजिस्ट्रेशन हेतु नीती पत्र लेखक श्री अजीत पाल सिंह के मार्फत प्रस्तुत किये थे। उक्त दस्तावेज लेने हेतु मैं व मेरा भाई सांवरलाल दिनांक 05.01.2024 को तहसील कार्यालय अराई के बाबू श्री राकेश शर्मा से मिले तो उन्होने दोनो रजिस्ट्रीया रजिस्टर्ड करके अजीत पाल सिंह को देना अवगत कराया तथा हकत्याग मांगने पर बताया कि हकत्याग रजिस्टर्ड नही किया है। हकत्याग रजिस्ड करने व रजिस्ट्री का खर्चा 25000 रूपये मांगे परन्तु हमने कहा कि हमने तो हकत्याग की 1450 रूपये व रजिस्ट्री के पेटे चालान, स्टाम्प डयुटी पूर्व मे ही जमा करवा दी है अब रूपये किस बात के देने है तो श्री राकेश जी ने कहा कि रूपये दिये बगैर आपका काम नही होगा आप अजीत पाल सिंह से जाकर मिल लो तथा रूपये उनको दे देना वो मेरे पास पहुंचा देंगे तथा दोनो मूल रजिस्ट्री भी मैने उनको दे दी हैै। जिस पर हम दोनो भाई जाकर अजीत पाल सिंह से मिले तो उसने भी राकेश बाबूजी को देने के लिये 25000 रूपये की रिश्वत की मांग की तथा दोनो रजिस्ट्रीयां व हकत्याग रूपये देने के उपरान्त ही देना बताया। मैं अपने जायज काम के बदले मे रिश्वत राशि नही देना चाहता हुं दोनो को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथो पकडवाना चाहता हु। उक्त कार्यवाही मे मेरा भाई सांवर लाल भी मेरे साथ ही उपस्थित रहेगा। मैं व सांवर लाल दोनो मिलकर ही कार्यवाही करवाना चाहते है। मेरा राकेश शर्मा व अजीत पाल सिंह से किसी प्रकार का कोई लेन-देन अथवा उधार की राशि बकाया नहीं है एवं ना ही किसी प्रकार की उनसे रंजिश अथवा द्वेष भावना है। मेरी तहसील कार्यालय अराई मे किसी प्रकार की कोई राजकीय राशि तथा रजिस्ट्री, हकत्याग से सम्बंधित कोई राशि जमा करवाया जाना बकाया नहीं है। इस पर मन उप अधीक्षक पुलिस द्वारा परिवादी श्री हरीराम को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के संबंध मे पूछताछ की गई तो परिवादी हरीराम ने उक्त प्रार्थना पत्र अपने साथ उपस्थित सह परिवादी श्री सांवर लाल द्वारा हस्तलिखित होकर अपने-अपने हस्ताक्षर होना अवगत कराया। प्रार्थना पत्र मे अंकित तथ्यो के संबंध मे परिवादी व सहपरिवादी से पूछताछ की गई तो उसने अंकित तथ्य सही होना अवगत कराते हुए अपने बडे दादा श्री झीता व अपनी बुआ श्रीमती सीता देवी व कैलाशी देवी के नाम से पुश्तैनी जमीन होने की जमाबन्दी की नकल प्रतियां प्रस्तुत की। जिस पर हरीराम ने अपने हस्ताक्षर होना अवगत कराया। परिवादी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र व दरियाफ्त के आधार पर मामला पीसी एक्ट (यथा संशोधन 2018) 1988 का गठित होना पाया जाने से प्रक्रियानुसार रिश्वत राशि मांग का सत्यापन कराया जाना आवश्यक है। जिस पर मन् उप अधीक्षक पुलिस द्वारा परिवादी को आरोपी से वार्ता करने के सम्बन्ध मंे पूछताछ की गई तो परिवादी ने कहा कि आरोपी रिश्वत के संबंध मे अपने मोबाईल फोन से वार्ता नही कर आमने सामने ही वार्ता करता है। मन् उप अधीक्षक पुलिस ने परिवादी को रिश्वत मांग के संबंध मे पूछा तो बताया कि आज समय अधिक हो चुका है तथा अॅराई पहुंचने पर तहसील कार्यालय बन्द हो जायेगा, आरोपीगणो से आज वार्ता नही हो सकती। आप कल अपने कार्यालय के किसी अधिकारी/कर्मचारी को राजकीय कार्यालय खुलने के समय पर भिजवा देवे मैं व मेरा भाई संावरलाल आपको वहां उपस्थित मिल जायेंगे। परिवादी व सहपरिवादी ने मन उप अधीक्षक पुलिस को अपने मोबाईल

नम्बर प्रार्थना पत्र मे अंकित होना अवगत कराया। मन उप अधीक्षक पुलिस द्वारा अग्रिम ट्रेप कार्यवाही की प्रकियानुसार रिश्वत राशि मांग का सत्यापन करवाये जाने हेतु कार्यालय के श्री अर्जुन लाल कानि न. 244 को अपने कार्यालय कक्ष मे तलब किया गया। परिवादी व सहपरिवादी का श्री अर्जुन लाल कानि से आपस मे एक दूसरे से परिचय करवाया जाकर रिश्वत राशि मांग सत्यापन के बारे मे अवगत करवाया गया तथा एक दूसरे को अपने अपने मोबाईल नम्बर दिये जाकर आईन्दा मांग सत्यापन की कार्यवाही हेतु पाबन्द कर परिवादी व सह परिवादी को कार्यालय से रूखसत किया गया। श्री अर्जुन लाल कानि को हिदायत प्रदान की गई कि कार्यालय का डिजीटल वाॅयस रिकाॅर्डर व नया मैमोरी कार्ड इश्यू करवाकर कल दिनांक 09.01.2024 को परिवादी एवं सहपरिवादी से सम्पर्क कर रिश्वत राशि मांग सत्यापन की कार्यवाही करे। कार्यालय के अन्य स्टाफ को भी आवश्यक हिदायत प्रदान कर उपस्थित रहने के निर्देश प्रदान किये गये। प्रस्तुतशुदा प्रार्थना पत्र एवं संलग्न दस्तावेजो का अवलोकन कर मन उप अधीक्षक पुलिस के पास आलमारी मे सुरक्षित रखे गये। दिनांक 09.01.2024 समय 12.15 पीएम पर कार्यालय के श्री अर्जुन लाल कानि को कार्यालय का सरकारी डिजीटल वाॅयस रिकार्डर मय नया मैमेारी कार्ड इश्यू करवाकर परिवादी श्री हरीराम व सहपरिवादी श्री सांवर लाल के मोबाईल नम्बर दिये जाकर कार्यालय का सरकारी वाहन बोलेरो आरजे14 यूडी 1398 मय चालक श्री मनीष कुमार के रिश्वत राशि मांग सत्यापन हेतु कार्यालय से अॅराई के लिये रवाना किया गया। मन उप अधीक्षक पुलिस कार्यालय मे ही उपस्थित रहा। समय 03.40 पीएम पर श्री अर्जुन लाल कानि ने जरिये मोबाईल फोन सूचना दी की परिवादी व आरोपीगण के मध्य रिश्वत राशि मांग का सत्यापन किया जा चुका है तथा मांग सत्यापन के समय आरोपीगणो व परिवादी तथा सहपरिवादी के मध्य कार्यालय के डिजीटल वाॅयस रिकाॅर्डर मे दर्ज आवाज को सुना जाने पर आरोपी श्री राकेश शर्मा पंजीयन लिपिक तहसील कार्यालय अरांई के द्वारा डीड राईटर श्री अजीत पाल सिंह के मार्फत हकत्यागनामा रजिस्टर्ड करने की एवज मे 25000 रूपये की रिश्वत राशि की मांग कर वार्ता के अनुसार 24000 रूपये लिया जाना तय किया है। जिस पर मन उप अधीक्षक पुलिस द्वारा श्री अर्जुन लाल कानि को डिजीटल वाॅयस रिकाॅर्डर मय मैमेारी कार्ड परिवादी व सहपरिवादी सहित गोपनीयता बनाये रखने की हिदायत कर कार्यालय मे उपस्थित आने के निर्देश प्रदान किये। समय 05.30 पीएम पर कार्यालय के श्री अर्जुन लाल कानि, परिवादी श्री हरीराम, सहपरिवादी श्री सांवरलाल मय कार्यालय के चालक श्री मनीष कुमार मय सरकारी वाहन के कार्यालय मे उपस्थित आये। श्री अर्जुल लाल कानि द्वारा मन उप अधीक्षक पुलिस को कार्यालय का डिजीटल वायस रिकार्डर मय मैमेारी कार्ड प्रस्तुत किया तथा हालात अवगत कराये कि मंै समय करीब 12.15 पीएम पर कार्यालय से रवाना होकर 01.15 पीएम पर अराई स्थित कस्बे मे पहुंचा। जहां परिवादी व सहपरिवादी से सम्पर्क कर राजकीय महाविधालय अराई के सामने उपस्थित होकर आपस मे एक दूसरे से मिले। जहंा परिवादी हरिराम को रिश्वत राशि मांग सत्यापन की कार्यवाही हेतु कहा गया तो उसने बताया कि आरोपी श्री राकेश शर्मा, पजीयन लिपिक व अजीत पाल सिंह डीड राईटर अपने-अपने कार्यालय मे ही मौजूद है। आज उनसे रिश्वत राशि मांग सत्यापन के संबंध मे आमने सामने होकर वार्ता की जा सकती है। मन कानि. द्वारा परिवादी श्री हरीराम व सहपरिवादी श्री सांवर लाल को कार्यालय कें िडजीटल वाॅयस रिकार्डर मे मैमेारी कार्ड संधारित कर वाॅयस रिकार्डर को चालू व बन्द करना तथा आॅपरेट करने की समझाईश दी गई। समय करीब 01.45 पीएम पर परिवादी श्री हरीराम को आरोपी श्री अजीत पाल सिंह डीड राईटर की दूकान अम्बिका टाईपिंग एण्ड कम्पयूटर्स अराई की और कार्यालय का डिजीटल वाॅयस रिकाॅर्डर देकर मोटर साइकिल से रवाना किया गया तथा मै भी उसके पीछे-पीछे अपनी उपस्थिति छिपाते हुए उनके मध्य होने वाली वार्ताओ को देखने के प्रयास मे अम्बिका टाईपिंग के आस पास ही मुकिम रहा। समय करीब 02.00 पीएम के आसपास परिवादी श्री हरीराम अम्बिका टाइपिंग एण्ड कम्पयूटर्स की दूकान से बाहर निकल कर आता हुआ नजर आया। जिसके पीछे पीछे मैं भी मालपुरा रोड की और चलकर परिवादी से वायस रिकार्डर प्राप्त कर बन्द किया गया। परिवादी श्री हरीराम ने बताया कि अजीत पाल सिंह से मेरी वार्ता हो चुकी है। उसने पूर्व मे मांगे गये 25000 रूपये की ही मांग की है तथा मैने उससे उक्त दस्तावेजो के पेटे खर्च की गई राशि एवं मेरे द्वारा अदा की गई राशि के सम्बंध मे लिखकर दिये जाने हेतु भी कहा परन्तु उसने मुझे मना कर दिया तथा रिश्वत राशि 25000 रूपये के संबंध मे राकेश शर्मा पंजीयन लिपिक से वार्ता करने हेतु कहा है। श्री अजीत पाल सिंह ने बिना रूपये दिये मुझे रजिस्ट्री व हकत्याग भी नही दिया है। इस पर मन कानि के द्वारा परिवादी श्री हरीराम को कार्यालय का डिजीटल वायस रिकार्डर मय मैमेारी कार्ड चालू कर समय करीब 02.15 पीएम के आस पास तहसील कार्यालय परिसर मे आरोपी श्री राकेश शर्मा से वार्ता करने हेतु रवाना किया गया। मैं व सहपरिवादी तहसील कार्यालय के बाहर ही अपनी उपस्थिति छिपाते हुए मौजूद रहे। समय करीब 02.30 पीएम के आस पास परिवादी श्री हरीराम पंजीयन कक्ष से निकलकर तहसील कार्यालय के बाहर सरवाड रोड की और जाते हुए नजर आया। जिस पर मन कानि0 द्वारा परिवादी को सुनसान स्थान पर रोककर डिजीटल वायस रिकार्डर प्राप्त कर बन्द किया गया। परिवादी को श्री राकेश शर्मा के मध्य हुई दर्ज वार्ता के संबंध मे पूछा तो बताया कि राकेश जी ने कहा है कि आपकी दोनो रजिस्ट्री मूल ही श्री अजीत पाल सिंह को दे दी है तथा हकत्यागनामा मेरे पास ही रखा है। हकत्यागनामा रजिस्टर्ड करने के बदले मे मेरे से रिश्वत के सम्बंध मे वार्ता की गई तो उन्होने कहा कि मैने खर्चे पानी के लिये अजीत पाल सिंह को बता दिया है आप उनको रूपये दे दो वो मेरे पास भिजवा देंगे। इस पर मैने कहा कि मैं अभी थोडी देर पहले ही अजीत पाल सिंह से मिलकर आया हु,ं उन्होने आपसे वार्ता करने हेतु कहा

है। इस पर आरोपी श्री राकेश शर्मा ने मेरे को कहा कि आप उनके पास चले जाओ मैं उनको टेलिफोन कर दुंगा, आपका काम करने के उपरान्त भी आप इस तरह की बात करते हो, मैने आपके फायदा पहुचाया है। अब आपको रूपये देते हुए परेशानी आ रही है, इतना कहकर आरोपी श्री राकेश शर्मा तहसीलदार जी के कक्ष मे चला गया। उक्त दोनो के मध्य हुई वार्ता को दर्ज कर लाया हुं। दर्ज वार्ता को मन कानि0 द्वारा सुना गया तो परिवादी द्वारा बताये गये कथनो की ताईद हुई। समय करीब 02.48 पीएम पर परिवादी श्री हरीराम के मो.न. 9116998410 से आरोपी श्री अजीत पाल सिंह के मो.न. 9784267763 से वार्ता करवाई गई तो अजीत पाल सिंह ने परिवादी को अपनी दूकान पर ही आकर वार्ता करने हेतु कहा। परिवादी व आरोपी श्री अजीतपाल सिंह के मध्य मोबाईल पर हुई उक्त वार्ता को परिवादी का स्पीकर आॅन कर डिजीटल वाॅयस रिकार्डर मे दर्ज की गई। तत्पश्चात समय करीब 03.00 पीएम के आसपास परिवादी श्री हरीराम व सहपरिवादी श्री सांवर लाल को आरोपी श्री अजीत पाल सिंह से रिश्वत राशि मांग सत्यापन के सम्बंध मे पुनः वार्ता करने हेतु कार्यालय का डिजीटल वाॅयस रिकाॅर्डर मय मैमोरी कार्ड संधारित कर उनकी स्वंय की मोटर साइकिल से अम्बिका टाइपिंग एण्ड कम्पयूटर्स अॅराई की और रवाना किया गया। उनके पीछे पीछे मैं भी दूकान के आस पास ही अपनी उपस्थिति छिपाते हुए मौजूद रहा। समय करीब 03.16 पीएम के आस पास परिवादी व सहपरिवादी आरोपी अजीत पाल सिंह से वार्ता कर उनकी दूकान से निकलते हुए मोटर साइकिल से जाते हुए नजर आये। मैं भी उनके पीछे पीछे जाकर ईशारे से रूकवाया जाकर मालपुरा रोड पर पीएचईडी कार्यालय के बाहर मिले। जहां परिवादी से डिजीटल वाॅयस रिकार्डर मय मैमोरी कार्ड प्राप्त कर बन्द किया जाकर अपने पास सुरक्षित रखा। उपस्थित सहपरिवादी श्री सांवर लाल से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि आरोपी अजीत पाल सिंह ने श्री राकेश शर्मा पंजीयन लिपिक तहसील कार्यालय अराई से 02 रजिस्ट्री व 01 हकत्यागनामा रजिस्टर्ड करवाने के बदले मे हमारी मदद करने के नाम पर 25000 रूपये की रिश्वत राशि की मांग करते हुए 24000 रूपये लिया जाना तय किया है। मन कानि0 द्वारा परिवादी, सहपरिवादी के द्वारा बताये गये कथनो की ताईद हेतु डिजीटल वायस रिकार्डर मे मैमोरी कार्ड संधारित कर दर्ज आवाज को सुना गया तो उनके द्वारा बताये गये उपरोक्त कथनो की ताईद हुई। समय करीब 03.39 पीएम के आस पास मन कानि0 द्वारा समस्त हालात आप श्रीमान को अवगत करवा दिये गये, आपके द्वारा प्राप्त निर्देशो की पालना मे मैं अभी कार्यालय मे उपस्थित हुआ हुं। समय 05.30 पीएम पर कानि0 अर्जुन लाल मय परिवादी, सहपरिवादी के कार्यालय मे उपस्थित आये तथा उपरोक्त तथ्यांे से अवगत करवाया। उपरोक्त तथ्यो के संबंध मे उपस्थित परिवादी व सहपरिवादी से पूछताछ की गई तो अर्जुन लाल कानि द्वारा बताये गये समस्त तथ्य सही होना अवगत कराये। मन उप अधीक्षक पुलिस द्वारा परिवादी व सह परिवादी की उपस्थिति मे कार्यालय के डिजीटल वायस रिकार्डर के मैमोरी कार्ड मे दर्ज आवाज को सुना गया तो बताये गये तथ्यो की ताईद हुई कि आरोपी श्री राकेश शर्मा पंजीयन लिपिक तहसील कार्यालय अराई के द्वारा डीड राईटर श्री अजीत पाल सिंह के मार्फत परिवादी हरिराम के बडे दादा श्री झीता पुत्र चतरा के नाम से बैचान की गई भूमि की 02 रजिस्ट्रीयां व परिवादी की बुआ श्रीमती कैलाशी देवी व सीता देवी के द्वारा हकत्याग नामे को रजिस्टर्ड करने की एवज मे 25000 रूपये की रिश्वत राशि की मांग करते हुए 24000 रूपये की रिश्वत राशि लेना तय हुआ है जो रश्वत राशि मांग का सत्यापन वार्ता मे स्पष्ट दर्ज होना पाया गया है। रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता के अनुसार आरोपीगणो द्वारा रिश्वत राशि प्राप्त करने का कोई समय व दिनांक तय नही की गई है, मात्र दर्ज वार्ता के अनुसार 24000 रूपये की रिश्वत राशि आरोपीगणो द्वारा ग्रहण करने के उपरान्त दस्तावेज दिये जाना अवगत कराया है। मन उप अधीक्षक पुलिस द्वारा परिवादी व सहपरिवादी को रिश्वत राशि 24000 रूपये की व्यवस्था करने हेतु कहा गया तो उपस्थित सहपरिवादी ने बताया कि मैं अभी अपने एटीएम कार्ड से रूपये विड्रोल करके आपके समक्ष पेश कर दूंगा। इस पर मन उप अधीक्षक पुलिस द्वारा अग्रिम ट्रेप कार्यवाही की जाने हेतु स्वंतत्र गवाह की तलबी व फर्द ट्रंासस्क्रिप्ट तैयार की जाना आवश्यक है। कार्यालय समय समाप्त हो चुका है अतः आज स्वतंत्र गवाह की तलबी की जाना उचित प्रतीत नही होता है। परिवादी व सहपरिवादी को गोपनीयता बनाये रखने की हिदायत प्रदान कर कल दिनांक 10.01.2024 को प्रातः 09.30 एएम पर रिश्वत राशि की व्यवस्था कर उपस्थित आने हेतु निर्देशित किया जाकर रूखसत किया गया तथा कार्यालय के उपस्थित स्टाफ को भी प्रातः कार्यालय समय मे उपस्थित होने के निर्देश प्रदान किये गये। परिवादी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र मय डिजीटल वाॅयस रिकाॅर्डर मय मैमेारी कार्ड सुरक्षित मन उप अधीक्षक पुलिस की आलमारी मे रखवाये गये। दिनांक 10.01.2024 समय 10.00 एएम पर पाबन्दशुदा परिवादी श्री हरीराम व सहपरिवादी श्री सांवरलाल उपस्थित कार्यालय आये व मन् उप अधीक्षक पुलिस को बताया कि मंै आज रिश्वत राशि 24,000 रू0 आरोपीगणो को देने के लिए लेकर आया हॅू। मेरी उनसे रिश्वत राशि लेन-देन के सम्बन्ध मंे पूर्व मंे वार्ता हो चुकी है तथा आज उनकोे रिश्वत राशि देकर मेरे रजिस्टर्ड दस्तावेज प्राप्त कर सकते है। मन् उप अधीक्षक पुलिस द्वारा अग्रिम टे^ap कार्यवाही की जाने हेतु गवाहान की तलबी के लिए कार्यालय के श्री बुधराज सहायक उप निरीक्षक पुलिस को तहरीर सुपुर्द कर कार्यालय के सरकारी वाहन मय चालक श्री मनीष कुमार के कार्यालय संयुक्त निदेशक पेन्शन एवं पेन्शनर वेलफेयर विभाग क्षेत्रीय कार्यालय अजमेर के लिए रवाना किया गया। समय 11.30 एएम पर श्री बुधराज सहायक उप निरीक्षक पुलिस मय सरकारी वाहन व कानि0 चालक श्री मनीष कुमार के पेन्शन विभाग अजमेर से दो स्वतन्त्र गवाह तलब कर उपस्थित कार्यालय आये। उपस्थित गवाहान को मन् उप अधीक्षक पुलिस द्वारा अपना परिचय देकर उनका परिचय पूछा तो उन्होने अपना नाम (1) श्री अभिषेक तानाण पुत्र श्री

